रोहतक
गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 270
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 15.5

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पाक को करारा जवाब
‘ऑपरेशन सिंदूर’ की शक्ति की दिखाई झलक



# जिस राफेल पायलट शिवांगी को पकड़ने का पाकिस्तान ने किया था दावा, उन्हीं के साथ राष्ट्रपति ने ‘खिंचवाई तस्वीर’

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयर फोर्स बेस से राफेल में उड़ान भरी, लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद वायुसेना स्टेशन पर लौटीं**

## एयरबेस पर मौजूद वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक दूसरे विमान में उड़ान भरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/अंबाला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरी। राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं। इस दौरान उनके साथ स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह भी नजर आई। उन्होंने शिवांगी के साथ फोटो भी खिंचवाई। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने शिवांगी को पकड़ने का झूठा दावा किया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने सुबह 11.27 बजे विमान के उड़ान भरने से पहले जेट के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। यह उड़ान लगभग 30 मिनट तक चली और लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यहां वायुसेना स्टेशन पर वापस लौटी।


शिवांगी सिंह और राष्ट्रपित मुर्मू

### शिवांगी सिंह हैं.. राफेल उड़ाने वाली भारत की पहली महिला पायलट

वाराणसी के फुलवरिया रेलवे क्रासिंग के पास एक सामान्य परिवार में जन्मीं शिवांगी सिंह ने अपने छोटे-से घर से ऊंचे सपने देखे। पिता कुमारेश्वर सिंह, माता सीमा सिंह और तीन भाई-बहनों के इस परिवार में संस्कारों के साथ-साथ देशसेवा की भावना भी गहराई से रची-बसी थी। उनके नाना बीएन सिंह, भारतीय सेना में कर्नल थे। 2015 में शिवांगी ने भारतीय वायुसेना की परीक्षा उत्तीर्ण कर डेढ़ साल तक कठोर प्रशिक्षण लिया। 2017 में उन्हें देश की पहली पांच महिला फाइटर पायलटों की ऐतिहासिक टीम में शामिल किया गया। उन्होंने मिग-21 जैसे सुपरसोनिक फाइटर जेट पर उड़ान भरी।

## खबर संक्षेप

### तीन नवंबर को हरियाणा कैबिनेट की बैठक

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा दौरे से पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैबिनेट मीटिंग बुला ली है। इसको लेकर कैबिनेट सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस नोटिफिकेशन में लिखा है कि तीन नवंबर को कैबिनेट मीटिंग बुलाई गई है। ये मीटिंग सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय की चौथी मंजिल पर आयोजित की जाएगी। मीटिंग की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे। इस मीटिंग में कई अहम फैसलों पर मुहर लगेगी। *एजेंसी*



### मोन्था से तेलंगाना में तबाही, स्कूल डूबे

**अमरावती।** चक्रवात मोन्था के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेलंगाना में तेज बारिश हुई। महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। गोलकुंडा एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। तूफान आज सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा। गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी पहुंच गई है। आईएमडी के मुताबिक लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहा। राज्य सरकार ने 11 हजार लोगों को निकाला है। 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की तैयारी है। एजेंसी

### देहरादून-बेंगलुरु इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग



**देहरादून।** देहरादून से बेंगलुरु जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की वापस देहरादून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट 53 मिनट तक हवा में ही रही। विमान में सवार सभी 170 यात्री की जान बाल-बाल बची हैं। फ्लाइट की पक्षी टकराने (बर्ड हिट) की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट ने शाम करीब 6:05 बजे जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। *एजेंसी*

### चारधाम यात्रा में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

**देहरादून।** इस साल चारधाम यात्रा में पहुंचने वाले भक्तों की संख्या 50 लाख के पार चली गई। मंगलवार शाम सात बजे तक उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में चार धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ तथा हेमकुंड साहिब में कुल मिलाकर 50 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। पिछले साल पूरे यात्रा सीजन में 48,04,215 लाख से अधिक श्रद्धालु चार धामों और हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए आये थे। *एजेंसी*

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-मोदी ऐसे व्यक्ति जिनमें आप अपने पिता की छवि देखते हैं

# मोदी बहुत ही उम्दा और प्रभावशाली भारत से व्यापार समझौता जल्द : ट्रंप

*ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दोनों देशों के तनाव कायम हैं। इस 50 प्रतिशत शुल्क में रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को “अनुचित एवं अविवेकपूर्ण” करार दिया है।*

**तोक्यो/सियोल (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें ‘बहुत ही उम्दा’, ‘प्रभावशाली’ और ‘बेहद सख्त’ व्यक्ति बताया। दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सीईओ शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनमें आप अपने पिता की छवि देखते हैं। ट्रंप ने कहा, ‘ यदि आप भारत और पाकिस्तान की बात करें... तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा हूं और जैसा कि आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए मेरे मन में बेहद सम्मान एवं स्नेह है, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं।’ ट्रंप ने अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर जारी बातचीत के बीच बुधवार को कहा, ‘ अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता कर रहा है।’

- मेरे प्रधानमंत्री मोदी के साथ बेहतरीन संबंध
- भारत और पाक के बीच संघर्ष विराम करवाया
- आप युद्ध रोकेंगे तो हम व्यापार करेंगे
- दोनों देशों से बात करने के बाद ही संघर्ष विराम हुआ



**खास बातें**
- दक्षिण कोरिया के एपीईसी सम्मेलन में की तारीफ
- दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता लगभग अंतिम चरण में

### गोयल ने कहा था- भारत बंदूक रखकर डील नहीं करता

कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बीते हफ्ते कहा था- भारत जल्दबाजी में सौदे और सिर पर बंदूक रखकर डील नहीं करता है। गोयल ने कहा कि किसी भी ट्रेड डील को लॉन ग टर्म नजरिए से देखा जाना चाहिए। भारत कभी भी जल दबाजी में या किसी आवेश में आकर फैसला नहीं करता है। हाई टैरिफ से निपटने के लिए भारत नए मार्केट की तलाश भी कर रहा है।



### फिर संघर्ष विराम का दावा

दूसरी ओर भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर एक बार फिर टिप्पणी करते हुए दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों के बीच हाल में हुई सैन्य झड़प रुकवाई थी। इससे कुछ घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि सात से 10 मई के बीच ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के दौरान “सात बिल्कुल नए” विमान मार गिराए गए थे।

**जयशंकर ने रुबियो से की चर्चा**
विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर अपनी बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सोमवार को व्यापक चर्चा की। इस बात का हालांकि कोई संकेत नहीं मिला।

## एचसीएस भर्ती घोटाला मामला

# अदालत ने किया पांच अफसरों को डिस्चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौरभ खत्री की अदालत ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में चार एचसीएस व एक एचपीएस अधिकारी को डिस्चार्ज कर दिया है। अदालत के इस फैसले से इन अधिकारियों को कड़ी राहत मिली है। मामले के अनुसार राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की सरकार के दौरान वर्ष 2004 में एचसीएस भर्ती अनियमितता मामले में दाखिल की गई चार्जशीट पर अदालत ने अपना फैसला सुनाया। इससे पहले इस वर्ष 29 जनवरी को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने इन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज केस और चार्जशीट खारिज कर दी थी। सुनवाई के चलते एचसीएस अधिकारी संजीव कुमार, जयवीर यादव, वेदप्रकाश व इन्द्रजीत व एचपीएस अधिकारी अशोक कुमार ने अदालत में उनके खिलाफ चल रहे ट्रायल को खारिज करने के लिए एप्लीकेश दायर की थी। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के 29 जनवरी के उस आदेश की कॉपी भी अदालत को दी थी जिसमें उनके खिलाफ दर्ज केस और चार्जशीट को खारिज कर दिया गया था।



### एसीबी से मंजूरी के बाद नियुक्ति

प्रदेश सरकार ने साल 2016 में एसीबी से मंजूरी मिलने के बाद उनको नियुक्ति दे दी थी। इस हालात में उन पर दोबारा केस नहीं चलाया जा सकता। उसी याचिका पर उनके खिलाफ केस और चार्जशीट को अदालत ने रद्द किया था। एसीबी ने इससे पहले एचसीएस भर्ती 2001 में 29, एचसीएस भर्ती 2004 में 26 और कॉलेज कैडर भर्ती में 10 के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट पर यहां की अदालत में सभी आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम कर दिए थे और ट्रायल चल रहा है।

### हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

इस एप्लीकेशन पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पांचों के खिलाफ जारी ट्रायल प्रक्रिया को रद्द कर दिया। पांचों अधिकारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उन्होंने साल 2012 में हाईकोर्ट के समक्ष अपूर्व और अन्य बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य शीर्षक से एक मामला दायर किया था। उसमें खंडपीठ ने कहा था कि जो उम्मीदवार दागी नहीं हैं, उनको मौजूदा रिक्तियों के लिए नए उम्मीदवार के रूप में माना जाएगा और नियुक्ति दी जाएगी।

# ओपी जिंदल के छोटे भाई मदनलाल का निधन

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** पूर्व बिजली मंत्री स्व. ओपी जिंदल के छोटे भाई 90 वर्षीय मदनलाल जिंदल का मंगलवार रात्रि हार्ट अटैक से निधन हो गया। पांच भाइयों में सबसे छोटे मदनलाल पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार दोपहर बाद जिंदल इंडस्ट्रीज के पास स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री एवं हिसार से विधायक सावित्री जिंदल, कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा सांसद नवीन जिंदल, आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश, मेयर प्रवीण पोपली सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए। बुधवार शाम करीब 3.30 जिंदल हाउस से शव यात्रा निकाली गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में व्यापारी व शहरवासी शामिल हुए।


मदनलाल जिंदल

# खेत में बने कमरे में आग लगने से दो किसान जले




शॉर्ट सर्किट से इन्वर्टर, बैटरी में आग लगने के कारण हादसा

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** गांव बड़ौदा के खेतों में बने कमरे में लाग लगने से दो किसानों की जलकर मौत हो गई। घटना के पीछे कमरे में रखे इन्वर्टर, बैटरियों मे शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा। गांव बड़ौदा निवासी अशोक (36) अपने साथी अमरजीत (37) के साथ बीती रात खेत में रखवाली करने गया हुआ था। रात को दोनों कमरे में चारपाई पर सोए रहे थे। बुधवार को दोनों जली हुई हालात में मृत पाए गए। हालात यहां तक रहे कि अशोक के शव की पहचान भी नही हो पा रही थी। कमरे में रखे इन्वर्टर, बैटरियां व वहां रखा अन्य सामान जल चुका था। मृतक अशोक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता थे। जबकि अमरजीत अविवाहित था। दोनों के बीच दोस्ती भी गहरी थी। खेत में रखवाली के लिए दोनों इक्कठे जाते थे। दोनों की मौत से मातम पसर गया।

**किसानों को सुविधा देने के लिए उठाया कदम**

# ‘कपास किसान एप’ से होगी फसल की खरीद, इसी से होगा सत्यापन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के कपास उत्पादक किसानों की कपास की फसल का पूरा न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिए ‘कपास किसान ऐप’ तैयार की गई है। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दी गई कपास की जानकारी इस ऐप के माध्यम से सत्यापित करवा कर अपनी फसल बेचने में किसानों को सुविधा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के उपक्रम भारतीय कपास निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान कपास की फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत कपास की बिक्री हेतु ‘कपास किसान ऐप’ (मोबाइल एप्लीकेशन) विकसित की गई है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर एवं एपल आईओएस पर उपलब्ध है।



### एमएफएमबी पोर्टल नंबर से होगा लॉगिन

प्रवक्ता ने बताया कि निगम की ओर से हरियाणा के सभी कपास उत्पादक किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे ‘कपास किसान’ मोबाइल ऐप डाउनलोड कर लें और मेरी फसल मेरा ब्यौरा (एमएफएमबी) पोर्टल में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें।

### फसल बेचने के लिए स्टॉल होगा बुक

*लॉगिन करने के बाद ऐप में दिखाई गई कपास बिजाई भूमि की जानकारी मेरी फसल मेरा ब्यौरा द्वारा सत्यापित कपास बिजाई भूमि रिकॉर्ड से मिलान कर लें। सफल सत्यापन के बाद, भारतीय कपास निगम को कपास बेचने के लिए निगम के निकटतम केंद्र पर अपना स्लॉट बुक भी कर लें ताकि उसको न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत लाभ दिया जा सके।*

**कपास सुखा कर लाएं किसान**
निगम की तरफ से कपास-किसानों को सलाह दी जाती है कि वह कपास को सुखा कर लाए, जिसमें नमी की मात्रा 12 प्रतिशत से अधिक न हो, ताकि उनको अपनी उपज का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके।

## विशेषज्ञ बोले, कम नमी की वजह से नहीं मिली कामयाबी

# दिल्ली में कृत्रिम बारिश के 3 ट्रायल नहीं हुए कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बुधवार को होने वाली कृत्रिम बारिश फिलहाल रोक दी गई है। एक्सपर्ट के मुताबिक, कृत्रिम बारिश में तभी सफलता मिलती है जब हवा में करीब 50% नमी हो, इस समय हवा में नमी 10-15% के करीब है। दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए कृत्रिम बारिश पर करीब 3.2 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। दिल्ली पर्यावरण विभाग और आईआईटी-कानपुर के बीच हुए समझौते के अनुसार, एक ट्रायल की कीमत करीब 64 लाख रुपये है। 28 अक्टूबर को दो ट्रायल हुए जबकि पहला पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। मेरठ से से स्पेशल विमान ‘सेसना’ ने उड़ान भरी थी। विमान ने दिल्ली में खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार इलाके में 6 हजार फीट की ऊंचाई पर बादलों में दोपहर 2 बजे केमिकल छिड़का। बताया गया कि ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन रात तक नहीं हुई।

**एक ट्रायल की कीमत 64 लाख**

## मई 2020 में पैदा हुए गतिरोध से द्विपक्षीय संबंधों में आई थी दरार

**सीमाई क्षेत्रों में शांति बनाने पर जोर**

# भारत-चीन एलएसी पर शांति बनाए रखने पर सहमत लद्दाख में कोर कमांडर लेवल की बातचीत रही सफल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमति बनी है। इस मामले में दोनों देशों के बीच कोर कमांडर लेवल की बातचीत हुई थी। यह बातचीत 25 अक्टूबर को भारतीय सीमा की ओर स्थित मोल्डो-चुशूल सीमा प्वाइंट पर हुई। हालांकि दोनों देशों ने सभी विवादित बिंदुओं से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है, लेकिन अब भी दोनों ओर लगभग 50,000 से 60,000 सैनिक तैनात हैं और स्थिति को पूरी तरह ‘डी-एस्केलेट’ नहीं किया गया है। यह अगस्त में हुई बैठक के बाद पहली सैन्य बातचीत थी।

### जमीनी मुद्दों को हल करने पर जोर



**मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई चर्चा**
विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह चर्चा मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। दोनों पक्षों ने इस बात को साझा किया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनी हुई है। दोनों पक्षों ने सीमा पर जमीनी मुद्दों को हल करने और स्थिरता बनाए रखने के लिए मौजूदा सिस्टम का उपयोग जारी रखने पर सहमति जताई है।

### संबंध सामान्य करने के लिए उठाए कदम

पिछले वर्ष पूर्वी लद्दाख में चार साल से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के खत्म होने के बाद पिछले कुछ महीनों में भारत और चीन ने संबंधों को सामान्य करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। यह गतिरोध डेमचोक और डेपसांग से सैनिकों की वापसी के साथ समाप्त हुआ था।

### राजनयिक चैनलों के माध्यम से संवाद जारी

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, हाल की कोर कमांडर बातचीत में दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी हिस्से के प्रबंधन पर सक्रिय और गहन चर्चा की। दोनों देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनफिंग के बीच बनी सहमति के तहत सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से संवाद जारी रखने और सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमति जताई। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था और जून 2020 में गलवान घाटी में हुए हिंसक संघर्ष ने द्विपक्षीय संबंधों में गंभीर तनाव पैदा कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### दो करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा -2 (ईओडब्ल्यू) की टीम की जांच के बाद फर्जी बैंक गारंटी देने के मामले में तेलंगाना के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में उद्योग विहार थाना पुलिस को डाक के माध्यम से शिकायत मिली थी, जिस पर ईओडब्ल्यू की टीम ने जांच की तो मामला सही मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से पुलिस की मांग पर दो दिन के रिमांड पर सौंप दिया है।

### युवक ने खरीदी चार लाख की पिस्टल, गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-45 के कम्युनिटी सेंटर से एक अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विकास उर्फ खिला (29 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपी मूल रूप से उल्लावास का रहने वाला है। 27 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच सेक्टर-40 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने अपने विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से मिली सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ युवक को काबू कर लिया।

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करने पर बिल्डिंग सील

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों के खिलाफ सख्त हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को निगम की टैक्सेशन टीम ने पालम विहार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए वासुदेव ग्रेनाइट्स की बिल्डिंग को सील कर दिया। इस संपत्ति पर कुल 11986642 रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद मालिक द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिसके बाद निगम ने सीलिंग की कार्रवाई की। इस कार्रवाई का नेतृत्व जोनल टैक्सेशन अधिकारी राजेश यादव ने किया।

### बाइक की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-62 में गत 21 अक्टूबर की रात को एक बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक ने ईलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मोहित निवासी अगडाल ने बताया कि उसका बड़ा भाई रोहित तिवारी (33 वर्ष) स्कूल में गार्ड था।

---

**कार्रवाई से हड़कंप : आरोपी के कब्जे से 63 हजार नकदी बरामद**

# पटवारी ने रखा निजी सहायक उसी ने कर दिया घोटाला

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर आरोपी घटना को देता था अंजाम

*मामले में चार अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार*

*किसानों के नाम पर फर्जी खातों में लाखों रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर किए गए। पटवारी के निजी सहायक सुन्दर ने भी फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने और राशि वितरण सूची में हेराफेरी करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई थी।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

करोड़ों रुपये के फसल मुआवजा घोटाले के मामले में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गांव बड़ोपल निवासी सुन्दर उर्फ बिल्ला पुत्र हंसराज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 63 हजार नकद बरामद किए गए हैं। इससे पहले इसी मामले में चार अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बुधवार को इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि गांव बड़ोपल के पटवारी एवं उसके निजी सहायकों ने कानूनगो, नायब तहसीलदार/ तहसीलदार के साथ मिलीभगत कर फर्जी मुआवजा क्लेम तैयार किए और सरकारी राशि का गबन किया। वर्ष 2022 में राज्य सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2021 की फसल खराबी क्षतिपूर्ति के लिए लगभग 4.25 करोड़ की राशि प्रभावित किसानों को वितरित की जानी थी। जांच में पाया गया कि किसानों के नाम पर फर्जी खातों में लाखों रुपये अवैध रूप से ट्रांसफर किए गए।

### राशि वितरण सूची में हेराफेरी करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई

इस साजिश के तहत आरोपी सुन्दर उर्फ बिल्ला, जो उस समय पटवारी का निजी सहायक था, ने भी फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने और राशि वितरण सूची में हेराफेरी करवाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विस्तृत जांच में यह भी सामने आया कि कई अन्य व्यक्तियों को भी इस घोटाले के माध्यम से अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इस संबंध में थाना शहर फतेहाबाद में 30 मई को धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120-बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज है। इकोनॉमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और सरकारी धन की वसूली हेतु जांच तेज कर दी गई है।

## जींद : एसआई बर्खास्त, फर्जी कॉल सेंटरों से प्रोटेक्शन मनी लेता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर अपराधियों से सांठगांठ रखने वाले सब इंस्पेक्टर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिसकर्मी गिरफ्तार किए गए साइबर आरोपितों से अवैध कॉल सेंटर को चलाने के लिए प्रोटेक्शन मनी के रूप में लेता था। सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार वर्ष 2000 में पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। सतीश कुमार क्राइम ब्रांच पंचकूला में डेपुटेशन पर गए हुए थे। वहां कॉल सेंटर पकड़े जाने के दौरान सतीश का नाम सामने आया था। जो कॉल सेंटर संचालकों से कॉल सेंटर चलाने के लिए मंथली लेता था। वर्तमान में थाना उचाना के तहत नाका ड्यूटी पर तैनात थे। पुलिस आयुक्त पंचकूला की रिपोर्ट के अनुसार सतीश कुमार का नाम 21 अगस्त 2025 को धारा आईटी एक्ट बीएनएस, टेलीकम्युनिकेशन एक्ट और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाना साइबर क्राइम पंचकूला में सामने आया था। जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने अवैध कॉल सेंटर को चलाने के लिए सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार को प्रोटेक्शन मनी के रूप में देने की बात कही थी। जिस से स्पष्ट है कि आरोपित सतीश कुमार पुलिस वर्दी की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा था और पुलिस विभाग की छवि को धूमिल कर रहा था। आरोप सिद्ध होने पर पुलिसकर्मी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की साख और ईमानदारी को सर्वोपरि रखते हुए भ्रष्टाचार व कर्तव्यहीनता के विरुद्ध चलने वाले सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार को तुरंत प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया है। हरियाणा पुलिस की वर्दी ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भाव का प्रतीक है।



एसपी कुलदीप।

**भ्रष्टाचार व कर्तव्यहीनता के विरुद्ध चलने वाले को बख्शा नहीं जाएगा : एसपी**

---

**कांग्रेस में कलह थमने का नाम नहीं ले रही**

## पूर्व एमएलए राधेश्याम बोले पार्टी ने लूटा, दिया कुछ नहीं

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल



पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की हरियाणा में सद्भाव यात्रा को दिया समर्थन

हिसार से पूर्व सांसद एवं पूर्व आईएएस बृजेंद्र सिंह हरियाणा में सद्भाव यात्रा पर निकले है। इस यात्रा को महेंद्रगढ़ जिला में सफल करने के लिए उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह बुधवार नारनौल पहुंचे और कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ यात्रा की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान नारनौल के पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कांग्रेस टिकट नहीं मिलने का दुखड़ा रोया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर ही गंभीर आरोप लगाते हुए कह डाला कि पार्टी ने लूटा है, दिया नहीं कुछ भी। हमने ही पार्टी को दिया, पार्टी ने हमें कुछ नहीं दिया। ऊपर से नीचे नेता बैठे है। इसलिए हमारा कोई लेना देना नहीं। हम पूर्ण रूप से चौधरी साहब के साथ है। आपको बताते चले कि राधेश्याम शर्मा के छोटे भाई एडवोकेट कैलाशचंद शर्मा 1996 में नारनौल विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके बाद चौटाला सरकार में राजस्व राज्यमंत्री का कार्यभार संभाला। उनकी पत्नी दिवंगत बर्फी देवी जिला प्रमुख रह चुकी है। इसके बाद खुद राधेश्याम शर्मा ने साल 2005 में नारनौल से निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। इसके बाद वह कांग्रेस व भाजपा पार्टी में भी रहे। बीते साल विस चुनाव में वह कांग्रेस पार्टी से नारनौल विधानसभा के लिए टिकट मांग रहे थे।

### बीरेंद्र सिंह दे रहे थे टिकट नहीं लेना थी गलती

पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह का नारनौल आगमन पर स्वागत करते है। चौधरी बीरेंद्र सिंह अपनी जुबान के धनी है। राधेश्याम शर्मा ने कहा कि 1991 में मेरा राजनीति से कोई संबंध नहीं था। मुझे बुलाया और कहा कि यह ले टिकट। मैंने जवाब दिया कि मेरी हिम्मत ही नहीं है चुनाव लड़ने की। फिर इन्होंने कहा कि चुनाव मैं लड़ूंगा आप तो बस टिकट ले लो।

### अनदेखी हुई तो फिर सत्ता नहीं मिलेगी

जहां तक पार्टी का सवाल है। पार्टी से अलग होकर वह व्यक्तिगत रूप से चौधरी बीरेंद्र सिंह के साथ है। चाहे वह कहीं रहे कुछ भी करें। पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। पार्टी ने लूटा है, दिया नहीं कुछ भी। हमने ही पार्टी को दिया, पार्टी ने हमें कुछ नहीं दिया। ऊपर से नीचे नेता बैठे है। पार्टी वालों को सोचना चाहिए था। उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए था, वह एमएलए नहीं है। अरे भाई, तुम क्या कर रहे हो, वह एमएलए है क्या? यह तो बता दो। वह बीके हरिप्रसाद से पूछना चाहते है। कोई कहना चाहे तो कह देना। हम तो पहले भी कह आए थे। तुम तो एमएलए देखते कह देते हो एमएलए नहीं है। यह बात हाईकमान को भी सोचना होगा। हाईकमान नहीं सोचेगी और हरियाणा में ऐसा ही करती रहेगी तो चौथी पारी में भी सत्ता नहीं मिलेगी।

---

**युवक की टांग तोड़ने का मामला**

## पंजाब विधायक के दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में तीन साल पहले हुए पंचायत चुनाव की रंजिश में अब एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी टांगें तोड़ दी गईं। इस मारपीट का आरोप पंजाब में सत्तारूढ़ आप के विधायक कुलवंत बाजीगर के दो बेटों और अन्य लोगों पर लगा है। कुलवंत बाजीगर पंजाब में पटियाला जिले की शुतराणा विधानसभा सीट से विधायक है। कैथल पुलिस ने गुरचरण की शिकायत पर पंजाब के एमएलए के दो बेटों ओर अन्य लोगों के खिलाफ करीब आधा दर्जन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। कैथल की एसपी उपसाना ने विधायक के खिलाफ केस की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गुरचरण ने कहा कि उसने अपने गांव में विधायक बाजीगर के भाई के सामने सरपंची का चुनाव लड़ा।

### की जा रही जांच

गुहला थाने में दर्ज मुकदमे में विधायक के नाम को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया हैं। मौके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। - **कुलदीप बेनीवाल**, डीएसपी गुहला

---

**लुधियाना से दुर्ग जा रहा था युवक**

## यमुनानगर में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक कंबाइन चलाने का काम करता था और वह ट्रेन में सवार होकर लुधियाना से दुर्ग जा रहा था। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजकीय रेलवे पुलिस अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के पास एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान ट्रेन से गिरे युवक की मौत हो गई थी। जब उन्होंने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल बरामद हुआ। मृतक के परिजनों को घटना के बारे सूचित किया गया।



**यमुनानगर।** सिविल अस्पताल में युवक की मौत के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

---

**नेपाली नौकर दंपति व अन्य ने दिया वारदात को अंजाम**

## जींद: सरंपच व उसकी पत्नी को बंधक बना नगदी व जेवरात लूटे

**सरपंच के हाथ, पांव तथा मुंह को गया था बांधा, लोगों ने करवाया मुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव निर्जन के सरपंच तथा उसकी पत्नी को नेपाली दंपत्ति ने कुछ अन्य के साथ मिल कर नशीला पदार्थ दे बंधक बना कर लगभग आठ लाख रुपये की नगदी तथा 14 ताले सोने के जेवरात लूट लिए। वारदात को अजांम देकर आरोपित घर में लगी डीवीआर को लेकर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निर्जन के सरपंच आजाद ने अपने घर नेपाली दंपत्ति को कुछ समय से नौकर रखा हुआ था। बीती रात घर में आजाद, उसकी पत्नी सोनिया के अलावा नेपाली नौकर मौजूद थे। देर रात को नौकर दंपत्ति ने कोई नशीला पदार्थ सोनिया को पिला दिया। देर रात को नेपाली नौकर समेत चार अन्य सरपंच के कमरे मे घुस गए और धमकी देकर उसके हाथ पांव तथा मुंह को बांध दिया। जिसके बाद आरोपितों ने घर में रखी लगभग आठ लाख रुपये की नगदी, 14 तौले सोने के जेवरात को लूट लिया। जाते समय आरोपित कमरों को बाहर से बंद कर घर में लगे सीसी टीवी कैमरे की डीवीआर को अपने साथ ले गए। जब लोगों ने दरवाजा खोल कर देखा तो सरपंच को बांधा गया था। जबकि उसकी पत्नी अचेत पड़ी हुई थी। सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।



**जींद।** घटना के बाद पहुंचे ग्रामीण।

---

**आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज**

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मेहलांवाली निवासी विकास कुमार को विदेश भेज कर नौकरी दिलवाने का झांसा देकर तीन लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप प्रदीप कुमार नामक व्यक्ति पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मेहलांवाली निवासी विकास कुमार ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 2022 में पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात प्रदीप कुमार के साथ हुई। प्रदीप कुमार ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेज कर उन्हें नौकरी दिलवाने का काम करता है। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी को विदेश भेजने के लिए कहा। आरोपी प्रदीप कुमार ने उसे विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख दस्तावेज ले लिए।

---

**सितम्बर 2021 में नांगल चौधरी में मामला दर्ज किया**

## नारनौलः नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को 20 वर्ष की कैद व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश केपी सिंह की अदालत ने बुधवार को नांगल चौधरी थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में दो दोषियों राकेश व नवीन को 20 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों को धारा छह पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल कठोर कारावास की सजा, धारा 328 आईपीसी के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है और दोनों दोषियों पर अलग-अलग एक लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही पीड़ित परिवार को छह लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा भी देने के आदेश दिए हैं। सितम्बर 2021 में नाबालिग के परिजनों के ब्यान पर थाना नांगल चौधरी में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपितों पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप थे तब से कोर्ट में मामला विचाराधीन था।

### कुकर्मी को 20 साल की कैद

**अंबाला।** आठ साल के बच्चे से कुकर्म के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने दोषी अंबाला वीरेंद्र को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 2023 से चल ही मामले की सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला न्यायाधीश मैनपाल रमावत की अदालत ने दोषी वीरेंद्र को कठोर कारावास के साथ 10 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है।

### नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव मुआना में दो बच्चों को अपने साथ एकांत में ले जा मारपीट करने तथा गाली गलौज करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ ज्युनायल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 अक्टूबर को गांव के ही विजय, सुखा, रमेश उसके नाबालिग दो बच्चों को अपने साथ शाम को एकांत में ले गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

---

**प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला**

## तापमान में आई गिरावट ठंडक ने दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मौसम में बदलाव व तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात के तापमान में और अधिक गिरावट देखने को मिलेगी। जिसकी वजह से जल्द ही आमजन को ठंड से रूबरू होना पड़ेगा। वर्तमान में बंगाल की खाड़ी पर बना समुद्री चक्रवात मौथा आंध्रप्रदेश के काकीनाडा के पास तटीय इलाकों से टकराते हुए उत्तरी पूर्वी की दिशा में कमजोर होकर डिप डिप्रेशन में तब्दील हो चुका है और आगे बढ़ गया है, साथ ही अरब सागर पर बना डिप डिप्रेशन से कमजोर होकर डिप्रेशन में तब्दील हो चुका है। इसके अलावा एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हवाओं का एक कमजोर चक्रवातीय सर्कुलेशन हरियाणा एनसीआर दिल्ली के दक्षिणी में पूर्वी राजस्थान के आसपास के क्षेत्र में बना हुआ है। इन सभी मौसम प्रणालियों के संयुक्त आंशिक प्रभाव से हरियाणा एनसीआर दिल्ली के दक्षिणी जिलों में सघन बादलों की आवाजाही देखने को मिल रही है। एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी ही देखने को मिल रही है।



### गिर रहा तापमान

लगातार मौसम में बदलाव व सघन बादलों की आवाजाही देखने को मिल रही है। प्रदेशभर में दिन व रात के तापमान में गिरावट जारी है।
-डॉ. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

---

**परेशानी** | **75 हजार को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पेंशन, अभी वेरिफिकेशन जारी**

# कठिन शर्तों ने कर दिया लाडो लक्ष्मी योजना का रास्ता कठिन

- डोमिसाइल बेहद जरूरी इसके अलावा एक लाख साल वाले परिवार की आय वाले परिवार बेहद ही कम
- आवेदन के लिए कोई समय सीमा नहीं, अधिकारी बोले यह तो चलती रहेगी लेकिन दस्तावेज पूरे करने होंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा प्रदेश के स्थापना दिवस पर लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ देने के लिए भले ही हरियाणा सरकार ने अफसरशाही को पूरी तैयारी रखने का आदेश दिया है लेकिन योजना का लाभ लेने के लिए कठिन शर्तों व नियमों ने लाभ लेने की उम्मीद लगाने वाली बहनों का स्वाद खराब कर दिया है। फिलहाल, लगभग 75 हजार के करीब लाडो लक्ष्मी योजना का पात्र पाया गया है। बाकी मामलों में अभी वैरिफिकेशन की प्रक्रिया अभी जारी है लेकिन बहुत ज्यादा प्रयास हुए को एक नवंबर तक यह संख्या एक लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। यहां पर बता दें कि सूबे की भाजपा सरकार ने बीते 25 सितंबर को अपनी फ्लैगशिप स्कीम दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना पोर्टल लांच कर दिया था।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अफसरों ने प्रदेश की लाडली बहनों को जल्द से जल्द उनके खातों में पैसा डालने का आश्वासन दिया था। अब हरियाणा दिवस पर जिन बहनों का वैरिफिकेशन हो चुका है, उनके खातों में पैसा डालने की तैयारी है। वैसे, दावा किया गया था कि पूरे सूबे में 20 लाख से ज्यादा महिलाएं इसका पात्र होगी जिन्हें 21 सौ हर माह दिए जाने की तैयारी थी। अब अक्टूबर समाप्त होने जा रहा है लेकिन छह लाख के करीब महिलाओं ने इसके लिए आवेदन किया है।

राज्य सरकार की ओर से इस दिशा में कई अभियान भी चलाए गए लेकिन उतनी सफलता हाथ नहीं लगी, जितनी लगनी चाहिए थी। पंजीकरण की शर्तों और उसमें ढेर सारे सवालों में उलझने के कारण उन्हें बाकी स्कीमों के लाभ बंद हो जाने का अंदेशा है। कुछ परिवारों के बीपीएल, गुलाबी कार्ड भी हैं लेकिन पीपीपी आधार आदि जुड़ जाने के कारण सारी आय का खुलासा हो जाता है।

### मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जुगाड़

प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र बेहद जरूरी है। इसके अलावा एक लाख वार्षिक आय होना जरूरी है लेकिन हरियाणा में रहने वाले अधिकांश परिवारों की आय इससे कहीं ज्यादा है। वैसे, एप के संचालन में दिक्कत आ रही है, तकनीकी दिक्कतों के अलावा भी कई चुनौतियां हैं। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी लोगों ने अब जुगाड़बाजी की शुरुआत कर दी है।

### जल्द ही संख्या में होगा इजाफा: कृष्ण बेदी

हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण बेदी का कहना है कि इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं, हम लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं। आने वाले वक्त में यह ब्योरा बढ़ेगा यह पूरी उम्मीद है। बेदी ने यह भी साफ कर दिया है कि प्रदेश के अंदर सही परिवारों, महिलाओं को लाभ मिले हमारी सरकार का यह प्रयास है, स्कीमों का लाभ कम को मिले अथवा ज्यादा को लेकिन पात्र बहनों को ही मिलेगा। कोई भी हेराफेरी व तथ्यों को छिपाकर लाभ लेने वालों को लाभ नहीं मिलेगा बल्कि एक्शन होगा।



